भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2491
उत्तर देने की तारीख 03 अगस्त, 2026
12 श्रावण, 1948 (शक)

कर्नाटक में नए केआईसी की स्थापना

2491. डॉ. के. सुधाकर:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान खेलो इंडिया योजना (केआईएस) के अंतर्गत खेल अवसंरचना से संबंधित स्वीकृत, पूर्ण हुई तथा कार्यान्वयनाधीन परियोजनाओं की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कुल संख्या कितनी है;

(ख) उक्त परियोजनाओं के लिए स्वीकृत, जारी और उपयोग की गई निधि का राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या नए खेलो इंडिया केंद्र (केआईसी) स्थापित करने के संबंध में कर्नाटक से कोई प्रस्ताव सरकार के पास लंबित है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) और (ख): देशभर में स्वीकृत खेल अवसंरचना परियोजनाओं तथा उनकी स्वीकृत लागत, जारी की गई धनराशि एवं भौतिक तथा वित्तीय प्रगति का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण इस मंत्रालय के डैशबोर्ड https://mdsd.kheloindia.gov.in पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

(ग): इस मंत्रालय में ऐसा कोई प्रस्ताव लंबित नहीं है।

****